प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

## पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश ने शिक्षा की गुणवत्ता की रैकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने इस दिशा में कोई काम नहीं किया और प्रदेश शिक्षा की गुणवत्ता की रैकिंग में 21वें स्थान पर पहुंच गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

## नितिन गडकरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। गडकरी ने कहा कि दोपाहिया वाहनों के लिए टोल पर पूरी छूट जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्कूली पाठ्यक्रम में नशे के प्रति जागरूकता पर आधारित अध्याय शामिल किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल कर्मचारियों के विरूद्ध राज्य सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग और तस्करी के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसमें शामिल लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

किरेन रिजिजू

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू आज किन्नौर जिले के पूह व ज्ञाबुंग में खेल स्टेडियम को शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वे पूह में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। बाद में किरेन रिजिजू नाको के ऐतिहासिक बौद्ध मठ का दौरा करेंगे। उनका आज लाहुल स्पीति जाने का भी कार्यक्रम है। इससे पूर्व कल शाम को कल्पा पहुंचने पर उनका जिला प्रशासन सहित भाजपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों से केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की।

सुखविंद्र सिंह

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हर व्यक्ति को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल टांडा और अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना में अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी मशीनें स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही हमीरपुर और आई जी एम सी शिमला में भी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस बीच मुख्यमंत्री आज आई जी एम सी शिमला में प्रदेश डेंटल कॉलेज व अस्पताल द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज सांस्कृतिक व स्पोर्टस फेस्ट में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

मौसम

प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं में 15 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और दो राष्ट्रीय उच्चमार्गों को भी नुक्सान पहुंचा है। धर्मशाला के मनूणी खडड में बाढ़ आने से बहे आठ श्रमिकों में से 5 के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि 3 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। इस बीच राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बादल छाए हैं हालांकि कुल्लू में हल्की वर्षा होने का भी समाचार है। मौसम विभाग ने आज और कल बारिश का येलो अलर्ट जबकि विभाग ने 29 जून को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने लोगों से नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

विद्या नेगी

राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विद्या नेगी ने कहा है कि बीते ढाई साल से लगभग 15 सौ मामले आयोग में लंबित पड़े हैं जिन्हें पूरा करना उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। शिमला में अपना पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि सभी मामले निपटाने के लिए दोगुनी गति से काम किया जाएगा। विद्या नेगी ने कहा कि उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के लिए उचित काउंसलिंग की व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर सशक्त बने ये आयोग का मुख्य मकसद रहेगा।